प्रयास व्यक्तित्व विकास सेवा (प्रा.) लि.

विशेषज्ञों के लिए पंजीकरण योजना

विशेषज्ञों की कोटियाँ

1. मनोवैज्ञानिक, समाजविज्ञानी
2. मानव संसाधन विकास/संस्थागत व्यवहार, विपणन, वित्त एवं उत्पादन प्रोद्योगिकी में विशेषज्ञता रखने वाले प्रबंधन विशेषज्ञ
3. सिविल, यांत्रिक, विद्युत् एवं सूचना प्रोद्योगिकी के तकनीकी विशेषज्ञ

शैक्षणिक योग्यताए

(i) मनोवैज्ञानिक – व्यक्तित्व परीक्षण, निर्धारण एवं मार्गदर्शन में विशेषज्ञता के साथ मनोविज्ञान में एम. ए., मनोविज्ञान में पी एच डी को वरीयता

(ii) समाजविज्ञानी: सामाजशास्त्र में एम. ए., पी एच डी को वरीयता

(iii) प्रबंधन विशेषज्ञ- मानव संसाधन विकास/संस्थागत व्यवहार, विपणन, वित्त, उत्पादन प्रोद्योगिकी एवं उद्यमिता में विशेषज्ञता वाले एम बी ए, पीएचडी को वरीयता

(iv) तकनीकी विशेषज्ञ – सिविल,यांत्रिक, विद्युत् एवं सूचना प्रोद्योगिकी में बी.टेक /एम टेक, परामर्श का अनुभव वाले व्यक्तियों को वरीयता

अन्य व्यक्तित्व सम्बंधित विशिष्टाएँ

नम्र स्वभाव, लोगो के साथ संबंधों में व्यावहारिकता, दूसरों के विचार पूरी एकाग्रता एवं ध्यान से सुनने की इच्छा, व्यक्तिगत मार्गदर्शन कार्य मे रूचि एवं इसके लिए आवश्यक धैर्य, सकारात्मक एवं उत्प्रेरक सोच, नैतिक जीवन मूल्यों में विश्वास, प्रभावी एवं तार्किक ढंग से दूसरों पर अपने विचारों की छाप छोड़ पाने की क्षमता, अनुशासित जीवन शैली, भारतीय संस्कृति में विश्वास और आपराधिक मामलों से मुक्त

कौन व्यक्ति ‘प्रयास’ के साथ विशेषज्ञ के रूप में स्वयं को पंजीकृत करा सकता है ?

चूंकि ‘प्रयास’ उत्तम गुणवता की व्यक्तित्व विकास से सम्बंधित विभिन्न सेवायें, प्रबंधन परामर्श एवं व्यक्तिगत मार्गदर्शन सेवाएँ न्यूनतम शुल्क पर दे रहा है ताकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के गरीब अभिभावक एवं उद्यमी भी इन उपयोगी सेवाओं का लाभ उठा सकें, यह पूर्णकालीन विशेषज्ञ नहीं रख सकता। अतः मनोविज्ञान का व्यावहारिक उपयोग व्यक्तित्व परीक्षण, निर्धारण एवं विकास, उद्यमिता, प्रोद्योगिकी एवं प्रबंध शास्त्र के विभिन्न विधाओं में विशेषज्ञता रखने वाले व्यक्ति अंशकालीन विशेषज्ञ के रूप में स्वयं को ‘प्रयास’ के साथ पंजीकृत करा सकतें है। उनकी सेवाओं का उपयोग ‘प्रयास’ अपनी आवश्यकतानुसार उनके साथ विचारविमर्श करके करता है और संबंधित मार्गदर्शन सेवा के लिए उपभोक्ता से प्राप्त शुल्क का 90 प्रतिशत उन्हें दे देता है। इनके अन्दर समाजसेवा का भाव का होना आवश्यक है ताकि वह स्वयं को न्यूनतम आय के एवज में अपनी सेवा देने के लिए तैयार हो सके क्योकि ‘प्रयास’ गरीब उपभोक्ताओं से उनकी भुगतान क्षमता के अनुसार ही सेवा शुल्क लेता है। इन विशेषज्ञॉ के पास अपनी वर्तमान जिम्मेदरियों को पूरा करने के बाद भी कम से कम एक घंटे का अतिरिक्त समय का उपलब्ध होना आवश्यक है। यदि वें किसी संस्था के पूर्णकालीन कर्मचारी या अधिकारी हैं तो उन्हें अपनी संस्था से ‘अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा। परन्तु जो व्यक्ति व्यक्ति नियमित सेवा से सेवानिवृत हुए है उन्हें पूर्व-अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं हैं ।

कार्य का स्वभाव

यह एक अंशकालीन कार्य है और स्व-उद्दयम है। आप ‘प्रयास’ के कर्मचारी नहीं हैं बल्कि इसके गतिविधि भागीदार हैं। अपने समय का उपयोग अपनी इच्छानुसार करने के लिए स्वतंत्र हैं।

कार्य-विवरण

‛प्रयास के साथ पंजीकृत विशेषज्ञों को उनकी विशेषज्ञता के अनुसार समय समय पर निम्न कार्य आवंटित किये जा सकतें हैं।

1. मनोवैज्ञानिक मार्गदर्शन। .
2. व्यक्तिगत मार्गदर्शन।
3. लेख आदि लिखना।

संभावित मासिक/वार्षिक आय

‘प्रयास’ उपभोक्ता से प्राप्त सेवा शुल्क का 90 प्रतिशत हिसा संबंधित विशेषज्ञ को देता है। अतः मासिक/वार्षिक आय उपभोक्ता से लिए जा रहे शुल्क और आवंटित मामलों कि संख्या आदि पर निर्भर करेगी।

आवेदन एवं पंजीकरण

विशेषज्ञ के रूप में अंशकालिक कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति सबसे पहले हमारी वेबसाइट www.prayasvyaktitvavikas.com खोलकर उस पर उपलब्ध पूरी सामग्री को पूरे ध्यान से पढ़े और हमारे द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों के पीछे के दर्शन को समझने का प्रयास करें। यदि वें व्यक्ति के व्यक्तित्व के समेकित विकास की हमारी अवधारणा एवं हमारे द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया से सहमत हो और हमारे साथ कार्य करने की इच्छुक हो तो विशेषज्ञ के रूप में हमारी विभिन्न सेवाओं जैसे व्यक्तिगत परामर्श देने की अपनी क्षमता का वस्तुनिष्ट आकलन करें और यदि वें अपने को सक्षम पातें हैं तो वें अपना पंजीकरण कराएं।

यदि उनकी कुछ शंकाएं है तो इस वेबसाइट के ‘प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न’ अनुभाग में जाकर ‘विशेषज्ञ के लिए उपलब्ध प्रश्नों एवं उनके उत्तरों को पढ़कर अपनी शंका का समाधान कर सकतें हैं। हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध ‘‘विशेषज्ञ पंजीकरण फॉर्म डाउनलोड करके और उसे अच्छी तरह भरकर और इस कोर्स को चलाने के उपलब्ध व्यक्तिगत सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करके मात्र एक सौ रुपये डिजिटल माध्यम से उपलब्ध पेमेंट लिंक द्वारा जमा करा सकतें हैं और फॉर्म भरकर भुगतान विवरण के साथ पंजीकृत डाक द्वारा हमें भेजें। यदि कोई शंका शेष है तो 8127569995 पर व्हात्सप्प काल या विडियो काल करके उसका निवारण कर सकतें हैं। वें समय लेकर हमारे कार्यालय में सोमवार से शुक्रवार प्रातः 11 बजे से 16 बजे के बीच सारे कागजात लेकर पंजीकरण हेतु आ भी सकतें हैं। गोरखपुर के आसपास के लोग मोबाइल नंबर 7080210612 या 7080210614 से बात करके समय लेकर हमारे गोरखपुर कार्यालय (एच -19 चरण राप्ती-नगर गोरखपुर 273013) और लखनऊ के आस-पास के लोग मोबाईल नंबर 8127569995 या 9415126176 या 7080210615 पर बात करके समय लेकर हमारे लखनऊ कार्यालय (513 फेलिक्स स्क्वायर पंचम तल सुशांत गोल्फ सिटी) में मिल सकतें हैं।